

मसूरी गोलीकाण्ड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस नेता।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पत्रकार के पिताजी के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पत्रकार योगेंद्र मलिक के पिताजी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत एक बार फिर हुए क्वारंटाइन

**संवाददाता** देहरादून। सीएम के ओएसडी अभय सिंह रावत कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। जिसके बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एक बार फिर क्वारंटाइन हो गए हैं। दरअसल सीएम के ओएसडी अभय सिंह रावत कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद एहतियात बरतते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने खुद को क्वारंटाइन कर दिया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय रविवार 6 सितम्बर तक के लिए बंद

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश कार्यालय जो कोरोना संक्रमण से सुरक्षा की दृष्टि से बुधवार 2 सितम्बर तक के लिए बंद किया गया था अब रविवार 6 सितम्बर तक बंद रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय अब रविवार 6 सितम्बर तक बंद रहेगा।

### ई–लोक अदालत 12 सितंबर को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वाधान में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा 12 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक समस्त न्यायालय जिला मुख्यालय, वाह्य न्यायालयों विकासनगर, ऋषिकेश, डोईवाला, चकराता में ई–लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न प्रकृति के वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा।

### ब्रांड फैक्टरी ने 'रॉक बॉटम डेज' सेल प्रस्तुत की

**संवाददातां** देहरादनू। कम कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ ब्रांड के ब्रांडेड शर्ट हासिल करने का अब से बेहतर समय हो ही नहीं सकता। ब्रांड फैक्टरी रॉक बॉटम डेज के अंतर्गत ग्राहकों को उनके पसंदीदा फैशन ब्रांड्स जैसे हाईलैंडर, रॉंग, क्रोकोडाइल, ट्विल्स, कूल कलर्स, कलर्स, टर्टल, पेपे जीन्स, क्रिम्सॉन क्लब, सेलियो, द प्रिविलेज क्लब, बेयर लेजर, नाइटहुड, जॉन मिलर, बफेलो, इंडिगो नेशन और ली कूपर पर बेहतरीन ऑफर्स की पेशकश कर रहा है। ग्राहक शर्ट्स की विशाल रेंज पर सबसे कम कीमतों का आनंद उठा सकते हैं।

# गंगा में ड्रेनेज का अशोधित जल नहीं जाना चाहिएः सीएस

**निर्देश**

■ राज्य स्तरीय गंगा समिति की नवीं बैठक आयोजित हुई

■ ऐसे स्थल जो सीवर लाइन से जुड़े नहीं हैं, का सेप्टेज मैनेजमेंट भी सुनिश्चित किया जाए

**संवाददाता**



देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय गंगा समिति की नवीं बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि गंगा में ड्रेनेज का अशोधित जल नहीं जाना चाहिए, साथ ही ऐसे स्थल जो सीवर लाइन से जुड़े नहीं हैं, का सेप्टेज मैनेजमेंट भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने देवप्रयाग, गंगोत्री, बदरीनाथ में भी सेप्टेज मैनेजमेंट की तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन नगरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था नहीं है उनमें सॉलिड वेस्ट के लिये ट्रांसपोर्टेशन एवं प्रोसेसिंग की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। उन्होंने पुराने कूड़े को प्रोसेसिंग कर उसके निस्तारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित नगर निकायों को दिये। मुख्य सचिव ने समस्त जिला विकास समितियों को एनजीटी की गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चत करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने प्रदेश की नदियों में सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा जनपद गंगा समितियों की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग, चमोली, हरिद्वार के जिलाधिकारियों को दिये, तथा उनकी समस्याओं को भी सुना। बैठक में अपर सचिव उदयराज सिंह ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि प्रदेश में 32 एसटीपी में से 29 एसटीपी का निर्माण हो चुका है जिनमें सीवरेज ट्रीटमेंट चल रहा है। अवशेष 1 परियोजना जोशीमठ तथा 2 श्रीकोट में निर्माणाधीन है। इन परियोजनाओं की सीवरेज शोधन क्षमता 129 एमएलडी है। मुख्य सचिव ने सीवरेज के शोधन की क्षमता परियोजना की क्षमता के अनुरूप विस्तार करने के निर्देश दिये।

वर्तमान में इन परियोजनाओं से 27 एमएलडी पानी का शोधन हो रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव नितेश झा, अपर सचिव उदयराज, सदस्य सचिव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सुबुद्धि उपस्थित थे।

### देवस्थानम बोर्ड के स्टाफ की तैनाती की गयीः रविनाथ रमन

देहरादून। आयुक्त गढ़वाल व उत्तराखंड चार धाम देवस्थानम् प्रबंधन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने यह जानकारी दी है कि देवस्थानम बोर्ड द्वारा यमुनोत्री धाम एवं गंगोत्री धाम में न्यासियों व हकूकधारियों के सहयोग हेतु देवस्थानम बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की है। उन्होंने कहा कि देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड अधिनियम के तहत हक हकूकधारियों के सभी हित सुरक्षित हैं। कहा कि देवस्थानम द्वारा अब प्रदेश से बाहर लोगों को कुछ शर्तों के साथ चार धाम यात्रा की अनुमति है। चार धामों में तीर्थयात्रियों को मंदिरों में दर्शन हो रहे है जिसमें किसी तरह का कोई अवरोध नहीं है। चारधाम यात्रा के अच्छे परिणाम आ रहे हैं। थर्मल स्क्रीनिंग, सेनेटाइजेशन के पश्चात ही मंदिरों में तीर्थ यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है। मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है शोसियल डिसटेंसिंग का ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा मार्ग पर देवस्थानम बोर्ड के यात्री विश्राम गृहों को तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु खोला जा चुका है। तीर्थयात्रियों से अपेक्षा की जा रही है कि अति आवश्यक होने पर ही धामों में रूके।

# मसूरी–देहरादून मार्ग पर फिर हुआ भूस्खलन

**मौसम का कहर**

■ मार्ग पर यातायात तीसरे दिन भी बंद



**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| देहरादून | 33.4 | 25.0 |
| मसूरी | 22.6 | 15.9 |
| टिहरी | 26.0 | 18.2 |
| उत्तरकाशी | 27.2 | 19.3 |
| हरिद्वार | 34.6 | 25.6 |
| जोशीमठ | 24.1 | 16.3 |
| पिथौरागढ़ | 29.5 | 18.9 |
| अल्मोड़ा | 28.4 | 19.6 |
| मुक्तेश्वर | 23.4 | 14.8 |
| नैनीताल | 24.6 | 18.5 |

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में बारिश से कुछ राहत मिली है। अधिकतर जिलों में पिछले तीन से बेहद कम बारिश हुई है। ऐसे में चारधाम समेत सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारू है। मौसम विभाग के अनुसार, आज प्रदेश के पांच जिलों देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और पिथौरागढ़ में हल्की बारिश हो सकती है। बुधवार सुबह मसूरी–देहरादून मार्ग पर ग्लोगी पॉवर हाउस के उपर फिर से भूस्खलन हुआ है। पीडब्ल्यूडी की टीम मार्ग से मलबा हटा रही है। मार्ग पर यातायात तीसरे दिन भी बंद है।

मानसून की सक्रियता कम होने से उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला थम गया है। जिससे भूस्खलन और सड़कों पर मलबा आने का क्रम भी कुछ कम हुआ है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री समेत सभी प्रमुख मार्गों पर आवाजाही हो रही है। जबकि, करीब 30 छोटे संपर्क मार्ग बंद हैं। जिन्हें खोलने का प्रयास जारी है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक, बुधवार को भी मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। तीन सितंबर को देहरादून, चमोली, पिथौरागढ़ और नैनीताल में एक से दो दौर की भारी बारिश हो सकती है।

### कांग्रेस ने मसूरी गोलीकाण्ड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय देहरादून में मसूरी गोलीकाण्ड की 26वीं बरसी पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राज्य निर्माण आन्दोलन में 2 सितम्बर को मसूरी गोलीकाण्ड में शहीद हुए आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का सपना आन्दोलन के षहीदों की शहादत के कारण साकार हो पाया उत्तराखण्ड राज्य शहीद आन्दोलकारियों की धरोहर है जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया जिसके लिए उत्तराखण्ड का जनमानस उनके इस महान बलिदान को शत–शत नमन करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में मातृ शक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जिसे उत्तराखण्ड के इतिहास में सदैव याद किया जाता रहेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।